बिहार सरकार
मुख्यमंत्री का कार्यालय
(जनसंपर्क कोषांग)
प्रेस विज्ञप्ति

संख्या–cm-208
30/06/2019

मुख्यमंत्री ने राजगीर में निर्माणाधीन रोपवे का किया निरीक्षण

पटना 30 जून 2019 :– मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार ने आज राजगीर में निर्माणाधीन आकाशीय रज्जु पथ (रोपवे) का भ्रमण कर प्रगति कार्यों का जायजा लिया। निर्माणाधीन आकाशीय रज्जु मार्ग राजगीर में बने देश के पहले रोपवे के समानांतर बंद केबिन का होगा। निरीक्षण के क्रम में मुख्यमंत्री ने अधिकारियों से निर्माणाधीन रोपवे के मद्देनजर पर्यटकों की सुविधा एवं सुरक्षा के साथ–साथ हर पहलू को ध्यान में रखते हुए पूरी जानकारी ली।

निरीक्षण के बाद अधिकारियों के साथ बैठक कर मुख्यमंत्री ने कई दिशा निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सबसे पहले यहां बिजली की कनेक्टिविटी का काम पूर्ण करें। घोड़ा कटोरा की तरफ बिजली का तार किसी भी सूरतेहाल में सड़क क्रॉस नही करे इस बात को ध्यान में रखकर ही बिजली आपूर्ति का काम पूरा होना चाहिए। अधिकारियों को निर्देश देते हुए उन्होंने कहा कि टिकट केंद्र सह कार्यालय के जर्जर भवन को तोड़कर नया सिम्पल स्ट्रक्चर बनाने की दिशा में अग्रतर कार्रवाई करें क्योंकि जर्जर भवन के कारण कभी भी दुर्घटना घट सकती है। जरूरत पड़े तो रोपवे को टेकनिकली चलाते हुए कुछ समय के लिए वहां पर्यटकीय गतिविधि बंद कर दें।

मुख्यमंत्री ने कहा कि पहाड़ के ऊपर ज्यादा स्ट्रक्चर नही होना चाहिए और यहाँ जो स्ट्रक्चर बन रहा है उनमें बेवजह एयर कंडीशनर लगाने की आवश्यकता नही है। इससे पर्यावरण प्रभावित होता है। उन्होंने कहा कि अक्टूबर से मार्च के बीच यहाँ अधिकांशतः पर्यटक आते हैं जिसको ध्यान में रखते हुए आवश्यकता के अनुरूप पंखा या एयर कूलर का प्रबंध होना चाहिए।

मुख्यमंत्री ने पहले से चल रहे रोपवे के टिकट शुल्क में कमी करने का भी अधिकारियों को निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि 80 रुपये का टिकट कटाने में गरीब आदमी असहज महसूस करते होंगे और इच्छा के बावजूद भी रोपवे की सुविधा से वे वंचित रह जाते होंगे।

इस अवसर पर भवन निर्माण मंत्री श्री अशोक चौधरी, पर्यटन मंत्री श्री कृष्ण कुमार ऋषि, मुख्यमंत्री के परामर्शी श्री अंजनी कुमार सिंह, सांसद श्री कौशलेंद्र कुमार, विधायक श्री रवि ज्योति, विकास आयुक्त श्री सुभाष शर्मा, प्रधान सचिव पर्यटन श्री रवि परमार, मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव श्री चंचल कुमार, प्रधान सचिव पर्यावरण एवं वन विभाग श्री दीपक कुमार सिंह, मुख्यमंत्री के सचिव श्री मनीष कुमार वर्मा, आयुक्त पटना प्रमण्डल श्री आर0एल0 चोंगथू, मुख्यमंत्री के सचिव श्री अनुपम कुमार, मुख्यमंत्री के विशेष कार्य पदाधिकारी श्री गोपाल सिंह सहित भवन निर्माण, वन एवं पर्यावरण विभाग, पर्यटन विभाग, विद्युत विभाग सहित संबंधित विभागों के अन्य वरीय अधिकारीगण उपस्थित थे।

******